भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †1548
सोमवार, 9 फरवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**उत्तर प्रदेश में एसडीएस और प्रसाद के अंतर्गत परियोजनाएं**

**†1548. श्री अतुल गर्गः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन (एसडीएस) और तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार का गाजियाबाद स्थित ऐतिहासिक दूधेश्वर नाथ मंदिर को अवसंरचना विकास हेतु आध्यात्मिक परिपथ में शामिल करने का कोई प्रस्ताव है;

(ग) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए आवंटित निधियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त राज्य में बौद्ध परिपथ स्थलों को अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए किए गए/किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चल रही पर्यटन परियोजनाओं के पूर्ण होने की समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)', 'स्वदेश दर्शन' और 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना नामक अपनी जारी योजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) सहित देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

इन योजनाओं के तहत परियोजनाएं संबंधित राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा कार्यान्वित की जाती हैं। तथापि, पर्यटन मंत्रालय परियोजना प्रगति की नियमित रूप से निगरानी करता है एवं संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रोत्साहित भी करता है।

प्रशाद, स्वदेश दर्शन (एसडी), स्वदेश दर्शन 2.0 और चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) की योजनाओं के तहत उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय के पास गाजियाबाद में ऐतिहासिक दूधेश्वर नाथ मंदिर के विकास के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। तथापि, पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत् प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशा-निर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है एवं निर्धारित शर्तों को पूरा करने तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

पर्यटन मंत्रालय अपने जारी प्रयास के भाग के रूप में कार्यक्रमों, वेबसाइट, सोशल मीडिया संवर्धन, मेलों और महोत्सवों आदि जैसे संवर्धनात्मक क्रियाकलापों के द्वारा बौद्ध स्थलों सहित देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों एवं उत्पादों का संवर्धन करता है।

*******

**अनुबंध**

श्री अतुल गर्ग द्वारा उत्तर प्रदेश में एसडीएस और प्रसाद के अंतर्गत परियोजनाएं के संबंध में दिनांक 09.02.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1548 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**प्रशाद योजना के तहत उत्तर प्रदेश और एनसीआर में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश | वाराणसी का विकास - चरण-। | 2015-16 | 18.73 |
| 2. | उत्तर प्रदेश | मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास | 2014-15 | 10.98 |
| 3. | उत्तर प्रदेश | गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन | 2017-18 | 9.02 |
| 4. | उत्तर प्रदेश | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 |
| 5. | उत्तर प्रदेश | वाराणसी का विकास- चरण ।। | 2017-18 | 44.60 |
| 6. | उत्तर प्रदेश | गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 37.59 |

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत उत्तर प्रदेश और एनसीआर में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | आध्यात्मिक परिपथ - 'चुरू (सालासर बालाजी)-जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कमान क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंड) - मेहंदीपुर बालाजी- चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास | 87.05 |
| 2. | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 |
| 3. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 |
| 4. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | आहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत | 71.91 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | - शाहजहांपुर का विकास | |
| 5. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | बिजनौर-मेरठ-कानपुर - कानपुर देहात - बांदा- गाजीपुर-सलेमपुर- घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा- सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास | 67.51 |
| 6. | उत्तर प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संतकबीर नगर)-चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 36.65 |
| 7. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 |
| 8. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास | 12.03 |
| 9. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 18.30 |

**स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत उत्तर प्रदेश और एनसीआर में स्वीकृत की गई परियोजनाओं की सूची:-**

| क्र. सं. | राज्य | गंतव्य | अनुभव का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत लगात (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश | नैमिषारण्य | वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस | 2023-24 (संशोधित मार्च 2025) | 17.80 |
| 2. | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 2023-24 (संशोधित मार्च 2025) | 14.52 |

**चुनौती आधारित गंतव्य विकास के तहत उत्तर प्रदेश और एनसीआर में स्वीकृत की गई परियोजनाओं की सूची:-**

| राज्य | गंतव्य/श्रेणी | अनुभव का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | महोबा (संस्कृति एवं विरासत) | महोबा में सांस्कृतिक भूदृश्य का विकास | 2024-25 | 24.98 |

******